Regarding need for revision of Circle rate and provision of compensation for land

श्री अनुराग शर्मा **(झाँसी) :** सभापति महोदया, उत्तर प्रदेश में 50 साल बाद एक नए नोएडा की स्थापना कर रहे हैं । आदरणीय माननीय प्रधान मंत्री जी के निर्देशानुसार और उनके आशीर्वाद से 56 हजार एकड़ में एक नया नोएडा मेरे क्षेत्र में बीडा करके बनने जा रहा है । मैं आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि मेरे क्षेत्र में बहुत सारे ऐसे गांव थे, जिन गांवों में सर्कल रेट नहीं बढ़ाया गया । अभी तक हमने 22 हजार एकड़ जमीन अधिग्रहित कर ली है । ये गांव हैं बिकौली, राजापुर, बछौनी खेड़ा, बैडोरा, रक्सा और रक्सा के लगे हुए क्षेत्र हैं तथा ऐसे गांवों में 15-20 साल से सर्कल रेट नहीं बढ़े हैं । उसकी वजह से मेरे किसान भाइयों को जरा दिक्कत आ रही है । हमारे अन्नदाताओं के लिए अगर केन्द्र सरकार उत्तर प्रदेश सरकार की कुछ मदद कर दें और हम वहां के सर्कल रेट बढ़ा सके तो अच्छा होगा ।

मैडम, दूसरा विषय भी बहुत जरूरी है कि 60 साल पहले आर्मी को झांसी में बहुत सारी जमीन दी गई थी । जहां पर एक बहुत बड़ा आर्मी बेस बना । वह जमीन 400 स्क्वायर किलोमीटर है । वह जमीन हमारे किसान भाइयों ने दी थी और उनको उसकी जगह पुनर्वास की जमीन दी गई है । अगर उसमें भी केन्द्र सरकार कुछ मदद कर देगी तो जब हम उनसे जमीन लेंगे तो उनको जमीन के बदले कुछ न कुछ मुआवजा मिल जाएग ।